आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

दिनांकः 17.02.2025 समय : 18.30 पीएम

- विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सभी दलों के नेताओं से विधानसभा की कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से चलाने और चर्चा में सहयोग की अपील की।
- केन्द्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने हिन्दी भाषा के व्यापक रूप से प्रचार–प्रसार पर ज़ोर देते हुए राजभाषा और जन भाषा की दूरी पाटने का आह्वान किया।
- राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में कल से नक्शा प्रोजेक्ट की शुरूआत–ड्रोन सर्वेक्षण से लैंड रिकॉर्ड की डिजिटल मैपिंग होगी।
- प्रदेश में कल से मौसम में बदलाव की संभावना–शेखावाटी क्षेत्र में हल्की बारिश के आसार।

**000**

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा है कि सदन की गरिमा बनाए रखने का दायित्व सत्ता पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों का है। उन्होंने सभी दलों के नेताओं से सदन की कार्यवाही शांतिपूर्ण तरीके से चलाने की अपील की। आज विधानसभा में हुई सर्वदलीय बैठक में सभी दलों के नेताओं ने इसके लिए श्री देवनानी को आश्वस्त किया। विधानसभा के तीसरे सत्र में बजट से पहले सदन में गतिरोध समाप्त करने के लिए ये बैठक बुलाई गई थी। श्री देवनानी ने सदस्यों की ओर से उठाए गए सभी मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। बजट से पहले सदन का गतिरोध समाप्त करने पर सभी दलों की सहमति बनी। मीडिया से बातचीत में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार से कथित फोन टैपिंग मामले पर सदन में जवाब देने की मांग की।

------------

संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल ने मीडिया से कहा कि विपक्ष को सदन चलाने में सहयोग का रवैया अपनाना चाहिए।

------------

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि हिंदी के प्रचार–प्रसार के लिए सभी संभव प्रयास करना हर देशवासी का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि राजभाषा हिंदी भाषा, संस्कृति, सोच और विचारों का सशक्त रूप है। श्री शर्मा आज जयपुर के जेईसीसी में गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग की ओर से आयोजित संयुक्त क्षेत्रीय राजभाषा सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। डिजिटल युग में हिंदी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कम्प्यूटर पर हिंदी में काम करने के लिए नए तरीकों और सुविधाओं के बारे में कई पहल की जा रही हैं।

------------

केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश की अन्य भाषाओं का मान–सम्मान रखते हुए हिंदी को राष्ट्रीय बोलचाल की भाषा बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास करने होंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र तभी समृद्ध हो सकता है जब हम जनता के हित की बात उनकी भाषा में ही पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि व्यापक रूप से सरल और सहज भाषा का प्रयोग कर राजभाषा और जन भाषा के बीच दूरी को पाटना होगा, जिससे हर नागरिक देश की प्रगति से जुड़ सके।

------------

सम्मेलन में सरकारी कामकाज में हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले केन्द्र सरकार के कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों, सार्वजनिक उपक्रमों की 110 प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर जयपुर सांसद मंजू शर्मा और राजभाषा विभाग की सचिव अंशुली आर्य, संयुक्त सचिव डॉ. मीनाक्षी जौली सहित 16 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से केंद्र सरकार के कार्यालयों, बैंकों व उपक्रमों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कोटा में हाल ही गैस रिसाव से प्रभावित बच्चों से आज मुलाकात की। श्री बिरला ने जेके लोन अस्पताल पहुंचकर छात्राओं के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बच्चियों का इलाज मेडिकल बोर्ड की देखरेख में जारी रहेगा।

------------

गौरतलब है कि गड़ेपान में कैमिकल फैक्ट्री से अमोनिया गैस का रिसाव हुआ। इसके असर से पास के सरकारी स्कूल की कुछ छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई थी। सांस लेने में दिक्कत के कारण उन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

000

राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों में कल से **नक्शा प्रोजेक्ट** की शुरूआत होने जा रही है। डिजिटल इंडिया आधुनिकीकरण कार्यक्रम के तहत ये पहल की गई है। केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान कल मध्य प्रदेश से इस राष्ट्रीय परियोजना का उद्‌घाटन करेंगे। 26 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में इसकी शुरूआत होगी। एक रिपोर्ट –

------------

000

उदयपुर में राज्यों के जल मंत्रियों का अखिल भारतीय सम्मेलन हो रहा है। ''वाटर विजन–2047'' का आयोजन जल प्रबंधन के महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा के लिए किया जा रहा है। राष्ट्रीय जल मिशन और जलशक्ति मंत्रालय की ओर से हो रहे इस सम्मेलन में जल प्रशासन को मजबूत करने, जल भंडारण और आपूर्ति को बढाने, पीने के पानी और सिंचाई के लिए जल वितरण सेवा बेहतर बनाने पर विचार किया जा रहा है। केन्द्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर. पाटिल कल सम्मेलन को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी इसमें शिरकत करेंगे।

वहीं, उदयपुर में आज बांध सुरक्षा और पुनर्वास पर राज्य स्तरीय सम्मेलन रखा गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि पीने के पानी, जल संचयन, बिजली उत्पादन और बाढ़ नियंत्रण में बांधों की महत्वपूर्ण भूमिका है।

000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का कल जयपुर दौरे का कार्यक्रम है। श्री धनखड़ फैडरेशन ऑफ राजस्थान ट्रेड एण्ड इन्डस्ट्रीज़–फोर्टी की ओर से आयोजित होने वाले सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। **राष्ट्र निर्माण में उद्यमियों की भूमिका** विषय पर इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है।

000

मुख्य न्यायाधीश एम.एम. श्रीवास्तव ने वरिष्ठ अधिवक्ता मनीष शर्मा को आज राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ दिलाई। उन्हें हाईकोर्ट की जोधपुर पीठ में पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। वे अधिवक्ता कोटे से राजस्थान हाईकोर्ट में जज बने हैं। श्री शर्मा के शपथ ग्रहण के बाद राजस्थान हाईकोर्ट में न्यायाधीशों की संख्या बढकर 34 हो गई है।

000

जैसलमेर जिले के दो तहसीलदारों को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने आज 15 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। इस कार्यवाई में भणियाणा की तहसीलदार सुमित्रा चौधरी और फतेहगढ के तहसीलदार शिवप्रसाद शर्मा को पकड़ा गया है। ब्यूरो के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरडा ने बताया कि इन्होंने जमीन की रजिस्ट्री कराने और नामांतरण दर्ज कराने की एवज में परिवादी से साठ लाख रुपये की राशि मांगी थी।

000

प्रदेश में कल शेखावाटी क्षेत्र में कहीं–कहीं बूंदाबांदी और हल्की बारिश की संभावना है। पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव से 19 और 20 फरवरी को भी बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ, चूरू, नागौर, सीकर, झुंझुनूं और अलवर जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की बरसात हो सकती है। इस बीच, उत्तर–पश्चिमी और उत्तरी राजस्थान में कहीं–कहीं हल्की बारिश की संभावना है। इस बीच, अधिकतर स्थानों पर तापमान में थोड़ी बढोतरी दर्ज हुई है। न्यूनतम तापमान भी औसतन 11 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रिकॉर्ड हुआ है।

000

परीक्षा पे चर्चा के सातवें एपिसोड में मुक्केबाज और ओलम्पिक पदक विजेता मैरी कॉम, पैरालम्पिक की स्वर्ण पदक विजेता निशानेबाज अवनि लेखरा और भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी सुहास लालिनाकेरे यथिराज ने परीक्षा के तनाव से निपटने संबंधी उपाय साझा किए। इस दौरान अवनि ने विद्यार्थियों से एकाग्रता के साथ रोजाना पढ़ाई करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सांस संबंधी व्यायाम परीक्षा के दौरान दिल की धड़कन को शांत रखने में मददगार हो सकते हैं।

------------

000